ण । यस्कान्त । लोह कर्षण ॥ गुण ॥ लेखन
है ठण्ढा है चरबी के और विष के रोगों को दू
र करता है ॥ काच नाम ॥ काच । क्षुतमरुक । ४
पिङ्गला काच भाजन ॥ गुण ॥ विदारण है रक्त को
अच्छा करता है आखों को गुण करे है लेखन है ।
४ ॥ इति श्री मदन पाल विरचिते निघण्टु भाषा यां
धातु वर्गः चतुर्थः ॥ ४ ॥ वट वृक्ष नाम ॥ वट । रक्त फ
लाक्षी । वट पादा । वनस्पति । यक्षवास । पटी । रोही । ४
न्यधस्कन्ध । यधुव ॥ गुण ॥ ठंढा है हलका है कफ
ज़ है कफ़ पित्त को फोड़े को दूर करता है ॥ पीपल ४
नाम ॥ पि प्पल । श्यामल । अश्वत्थ । क्षीर वृक्ष ॥
गजासन । हरिवास । वलदल मंगल । वोद्धि पाद
प ॥ गुण ॥ ठंढा है पित्त को कफ को फोड़े को लो
हू को इन बीमारियों को खोता है ॥ पारस पीपल
नाम ॥ पारिश । फलीस । कपि भूत । कपी तन ॥
॥ गुण ॥ चिकना है कफ की बीमारी को कृमि को
पैदा करता है ॥ गूलर नाम ॥ उदुम्बर । क्षीर वृक्ष ।
जन्तु वृक्ष । सदा फल । हेम दुग्ध । कृमि फ ल । य
ज्ञांग । शीतवत्कल ॥ गुण ॥ ठंढा है रक्त को अच्छ
करे है भारी है पित्त कफ लोहू को जीतता है ॥ कटु

म्बरि नाम ॥ ककोटु वारिका । फल्गु । मलथू चित्र
भेषज ॥ गुण ॥ गूलर ही के तुल्य इसके गुण हैं ॥
विशेष करिके चित्र को दूर करे है ॥ पिप्पलगा नाम ।
प्लक्ष । स्रव । चारु वृक्ष । सपार्श्व । गर्भ भाण्डक ॥ वटी
। कमण्डलु । पूग । पिप्पली । चारु दर्शन ॥ गुण ॥
ठंढा है कफ पित्त सूजन विसर्प आदि रोगों को खो
ता है ॥ पञ्च क्षीर वृक्ष नाम ॥ पञ्च क्षीर । न्यग्रोध
। उदुम्बर । अश्वत्थ । पारिश । प्लक्षपादप ॥ ये न्यग्रो
धसे आदि लेके पंचक्षीर पाँचौं वृक्ष कहावे हैं । ति
नकी छाल को पंच वल्कल कहते हैं ॥ गुण ॥ इन
पाँचौं की त्वचा ठण्ढी है कावि़ज़ है फोड़े को विसर्प
को जीते है ये क्षीर वृक्ष सारे ठंढे हैं औरन को ठं
ढा करे हैं भग के रोगों को अच्छा करे हैं सूजनपि
त्त कफ लोहू को दूर करे हैं दूध बढावे हैं टूटे हाड़ को
जोड़े हैं इनके पात ठंढे हैं कावि़ज़ है कफ वायु लोहू
को दूर करे हैं हलके हैं इनके विष्ठ भी हैं कावि़ज़ हैं ।
लोहू को पित्त को कफ को दूर करे हैं ॥ नन्दी वृक्ष ना
म ॥ नन्दी वृक्ष । अश्वत्थ भेद । प्ररोही । गत पाद
प ॥ गुण ॥ इसके गुण भी पीपल के तुल्य हैं हल
का है गरम है जहर को दूर करता है ॥ कदम्ब वृक्ष ।
नाम ॥ कदम्ब । गन्धवत्पुष्प । प्रावृष । महाउन्न
नि । और दूसरी पुलिक दम्बिनी । पराग कदम्बक ।
॥ गुण ॥ ठंढा है कफ को लोहू के विकार को खो
वे है ॥ कोकभ वृक्ष नाम ॥ कुकुभ ॥ अर्जुन ना
म ॥ नन्दी वृक्ष । शट द्रुम ॥ गुण ॥ ठंढा है टूटे हाड़

को जोड़े है जरयम को लोहू को दूर करे है ॥ शिरी
ष वृक्ष नाम ॥ शिरीष । प्लवग वृक्ष । कपीतन । शु
क वृक्ष । मृदु पुष्प । श्याम वरो । भाण्डीर । शंख ४
नी फल ॥ गुण ॥ ठंढा है रक्त को अच्छा करे है वि
ष को विसर्प को सूजन को जीते है ॥ आर्त्त गल वृ
क्ष नाम ॥ आर्तगलः आर्त गल । बहु कंठ । प्रधर्षण ।
गुण ॥ तुम्बर है ठण्ढा है फोड़ों का साफ और भ
ग्न करे है ॥ वेतस वृक्ष नाम ॥ वेतस । वञ्जुल । न
म्र । वानीर । दीर्घ पात्रक । नोदय । मेघ पुष्प । तोय
सम । निकुञ्जक ॥ गुण ॥ वेतस ठंढा है दाह सूज
न बवासीर सोजाक लोहू को पित्त को और दर्द को
कफ को और वायु को दूर करता है ॥ जल वेतस नाम
जलोका । सम्वृत । अंभोज । निचुल । जल वेतस ॥ गु
ण ॥ जल वेतस ठंढा है काविज़ है वायु को पित्त को
करता है ॥ इज्जल नाम ॥ इज्जल । हिज्जल । गुच्छ
फल । गुच्छ पोलिका ॥ गुण ॥ इज्जल के भी गुण
इसी की तुल्य हैं ॥ लिसोड़ा नाम ॥ श्लेष्मांतक । कु
वेदार । पिच्छल । भूत पादप । शिलू । शलू । शलुको
शिलूक । हृज कृत्सिन ॥ गुण ॥ फफोले को वि
ष को फोड़े को विसर्प को कुष्ट को दूर करे है बालों
को अच्छा करे है इस का फल गर्म है पुष्ट है वा
यु को पित्त को क्षय को लोहू को जीते है ॥ पीलू वृक्ष
नाम ॥ पीलू । शीत । सहस्रा । शतीदरा । करंभि
य । सहस्रांगी । गुड़ फल । तत्फल । पांडु पीलुज ॥
गुण ॥ गर्म है दीपन है भेदी है लोहू को पित्त को
पैदा करे है हलका है गोले को ताप तिल्ली को वा
यु को पथरी को कफ को दूर करे है रसायन है ॥८

साग वनु नाम ॥ शाक । सर छद । भूमी रुह ।
दीर्घ छद ॥ गुण ॥ कफ को वायु को लोहू को दूर
करे है गर्भ सन्धान को देने वाला है ठंढा है ॥ शा
लनाम ॥ शाल । सजरस । सर्ज । श्रीमान । सारी
च पत्रक ॥ गुण ॥ कबज करे है फोड़े को कफ को
दोषों को विष को हरे है ठंढा है ॥ तमाल नाम ॥ त
माल । तापिच्छ । सित द्रुम ॥ कालस्कन्ध ॥ गुण ॥
तमाल में भी ऐसे ही गुण हैं सूजन को दाह को वि
स्फोटक को दूर करे है ॥ खैरनाम ॥ खदिर । रक्तसा
र । गायत्री । बालच्छद ॥ और दूसरा खैर सेत सार
कार्मुक । कुब्ज करण्डक ॥ गुण ॥ ठंढा है दांतों को गु
ण करे है कृमि को प्रमेह को ज्वर को फोड़ों को चि
त्र को सूजन को श्राव को पित्त को लोहू को पांडु रोग
को कुष्ठ को कफ को जीते है उसका जियास मीठा है
बल वीर्य को पैदा करे है उसका सप विशद है और
र लोहू को जीते है इतने गुण हैं ॥ खैरजड़ नाम ॥
अरिमेद । विठखादिर । गोधास्कन्धा इरिमेदक ॥
कसैली है गर्म है मुख के दांत के रोग को दूर करती
है लोहू को खुजली को विष को कफ को कृमि को
दुष्ट ग्रह को फोड़ों को दूर करे है ॥ बबूल नाम ॥ बंबू
ल । किङ्किरात । पीतक । पीत पुष्पक ॥ गुण ॥ कफ
को दूर करता है ॥ विजय सार नाम ॥ बीज क । शुज
क । शौरि प्रिय । कास्पोतक प्रिय ॥ गुण ॥ विसर्प
को चित्र को प्रमेह को कृमि को दूर करे है कफ को लो
हू को पित्त को और अरुचि को दूर करती है ॥ नि।
निसु नाम ॥ निमज । स्यन्दन । नेमी । सर्वसा

।अश्मगर्भ ॥ गुण ॥ कफ को पित्त को लोहू को च
र्बी को कुष्ट को प्रमेह को जीतै है॥भोज पत्र नाम ॥भू
र्जभुज । बहुपुट । मृदुल कुलरव्य पत्रक ॥ गुण ॥
ग्रह को भूत को कफ को कानों के रोग को पित्त को
लोहू को जीतै है ॥ किंसू नाम ॥ पलाश । किंशुक । क
र्म्म यज्ञाङ्ग ॥ ब्रह्म पादप । क्षार श्रेष्ठ । रक्त पुष्प । त्रि
वृत । शमिदुत्तम ॥ गुण ॥ दीपनी है पुष्ट है गोले
को टूटे को जोड़े है संग्रहणी को बवासीर को कृ
मि को दूर करे है इस के फूल कफ को पित्त को लो
हू को सोजाक को दूर करे हैं काविज़ हैं ठंढे हैं फल
हलका है गर्म्म है प्रमेह को बवासीर को कृमि को
वायु को कफ को दूर करता है ॥ धव वृक्ष नाम ॥
धवर्णादत्तक । गौर । शकुटाख्य । धुर धुर ॥ गुण ॥
ठंढा है प्रमेह को बवासीर को पाण्डु रोग को पि
त्त को कफ को दूर करे है ॥ धामरिण नाम ॥ धन्वा
न । गोत्र विटपा । धर्म्मरिण । गोत्र पुष्पक ॥ गुण ॥
कफ को पित्त को लोहू को खांसी को दूर करे है तु
वर है हलका है ॥ सोजा नाम ॥ सर्ज्जे । द करो
ग्वदघ्न । लता वृक्ष । कुंदहक ॥ गुण ॥ रक्त को अ
च्छा करे है कफ को पित्त को पसीने को म ल को
कृमि को हरे है ॥ सिसोदा नाम ॥ सिसोद । पीत
पुष्प । छागी रवि नाशन ॥ वात रक्त को लोहू को
कफ को वायु से जो अतीसार होय तिसको दूर क
रे है ॥ वरणा नाम ॥ वरुण । वारण । सेतु शाक ।

वृक्ष । कुमारक ॥ गुण ॥ पित्त को पैदा करे है ६
भेदी है कफ को सोजाक को गोले को लोहू को
वायु को कुष्ट को दूर करे है अग्नि को दीप्ति करे है
॥ झींगणी नाम ॥ झिंगणी । झिम्मणी । झिंझी
। सुनिषण्णा । मोदकी ॥ गुण ॥ फोड़े को हड्डी
ग को वायु के अतीसार को जीते है कड़वा है ॥ म
लक नाम ॥ मल्लकी । वल्लकी । मोवा । गजभ ६
क्ष्या । महारुहा । गन्धवीरी । कुन्दकी । सुस्रवा । वन
करिणिका ॥ गुण ॥ फोड़े को पित्त को लोहू को क
फ को पित्त के अतीसार को दूर करता है ॥ इंगोट
नाम ॥ इंगुद मल्लकी । वृक्षकराक । नाप समुद्र ।
गुण । कुष्ट को भूतों को ग्रह को फोड़े को विष को
कृमि को दूर करे है पित्त को कफ को शूल को दूर क
र है उसका फल कफ को वायु को हरे ॥ कटहाना
म ॥ कटुभर । चारुशुंठी । कटभी । नटग । शौण्डिक ।
गुण । प्रमेह को लोहू को नासूर को कफ को वीर्य
को जीते है और उसका निर्यास भारी है पुष्ट हेव
ल को पैदा करे है वायु को हरे है ॥ फरवाह नाम-
मुष्कक । मोचक । घण्टा । शिरवरा । क्षुद्र पाटलि ॥
गुण ॥ कफ को वायु को दूर करे है क़ाविज़ है गो
ले को विष को कृमि को दूर करे है गरम है मूत्राश
य के रोगों को खुजली को दूर करता है उसका फल
कफ को पित्त को दूर करता है ॥ पर्वत निम्ब नाम
पारिभद्र । निचक्ष । रक्त पुष्प । प्रभद्रक । करटकी
पारिजात । मन्दार । कटकिंशुक ॥ गुण ॥ कृमि

को कफ को चरबी को सूजन को और वायु को दूर करता है ॥ शिम्बलनाम ॥ शाल्मली । तूलनी । मोचा । कुर्कटी । रक्तपुष्पिका । कीटघ्ना । स्थूलफला । पिच्छला । चिरंजीवनी ॥ गुण ॥ ठंढी है पुष्ट है कब्जात करे है लोहू को पित्त को जीते है रसायन है चिकनी है उसका फूल कसाविन है पित्त को दूर करे है उसका निर्यास बहुत पुष्ट है शोक को पित्त का वायु को दूर करे है ॥ दात्यूहीनाम ॥ सप्तपर्णी । गुच्छपुष्प । छत्री शाल्मलि । पात्रिक ॥ गुण ॥ फोड़े को कफ को वायु को दूर करे है ॥ हरिद्रुनाम ॥ हारिद्रक पीतवर्ण । श्रीमान । गौरद्रुम । वर ॥ गुण ॥ कफ को दूर करे है और फोड़े को शुद्ध करे है भरता है ॥ करंजुनाम ॥ करंज । नक्त माल । नक्तमाल । घृत वर्ण क । पूतिवर्ण । चिरबिंबक ॥ गुण ॥ कड़वा है तेज है गर्म्म है मगके रोगों को दूर करे है कुष्ट को उदावर्त्त को गोल्ले को बवासीर को फोड़े को कृमि को कफ को दूर करे है इस का फल कफ को वायु को प्रमेह को बवासीर को कृमि को कुष्ट को जीते है उसके पात कफ को व वासीर को कृमि को सूजन को दूर करे है ॥ करंजीनाम ॥ करंञ्जिका । काकतिक्ता । वायसी । अगारवल्लरी ॥ गुण ॥ गर्म है वायु को बवासीर को कृमि को कुष्ट को प्रमेह को हरे है ॥ तिरगिल्ली नाम ॥ तिरगिल्ली । गजकट । करं

न। चीरिणी ॥ दूर्पा ॥ गुण ॥ चरबी। वबासीर पित्तकीसूजन को हरे है ॥ जडीनाम ॥ शमी। तुंगा। शकुफल। पवित्रा। केशरुतुफला। लक्ष्मी-शिवा। अग्निशमी। शकरा दूया ॥ गुण ॥ ठंढी-है हलकी है मीठी है कुष्ट को ववासीर को कफको जीते है इस का फल पित्त को पैदा करे है रुखा-है बुद्धि को बढावे है वात को दूर करे है ॥ भिंभि णीनाम ॥ शिरी षिका। ढिंढिरिणका। दुर्ब्बला अम्बु शिरी षिका ॥ गुण ॥ कफ को कुष्ट को वव सीर को सन्निपात को विष को हरे है ॥ रीठानाम ॥ अरिष्टक। कुम्भ वीर्य। गर्भ पाता। कनिल। रक्ता बीज। रक्त बीज। पीत फेन। अर्थ साधन ॥ गुण ॥ तीनों दोषों को दूर करे है गर्म्मे है गर्भ-को और ग्रह को दूर करे है ॥ सीसोनाम ॥ शि सिया। कपिला। कृष्णा। सारा। मरुडल पत्रिका। कुशि शिया। भस्म पिंगला। विशोधनी ॥ गुण प्रमेह को कुष्ट को श्वित्र को छर्दि को मूत्राशय के रोगों को फोड़े को दाह को जीभ चलाने को दूर करती है और गर्भ को गिरावती है ॥ अगस्त-नाम ॥ अगस्तस्त्य। वगसेन। माशिया। मुनि द्रुम ॥ गुण ॥ पित्त को कफको चौथे दिन के-ज्वर को दूर करना है और ठंढा है और इसका फूल पीनस को कफ को दूर करे है ॥ १

इति श्री मदन पाल विरचिते निघंटे भाषायां व नस्पति वर्गः पंचमः ॥५॥ द्राक्षा नाम ॥ दाख

मधुफला। स्वादुः। हारहरी। फलोत्तमा। मद्वी
का। मधुयोनि। रसोत्तमा। गोस्तनी। गोडा॥ गु
ण॥ पक्की दारव ठंढी है आंखों को गुण करे है कु
ब्बत करे है भारी है ज्वर को दमें को वायु को पित्त
को लोहू को सोजाक को रक्तपित्त को सम्मो ह=
को दाह को सूजन को मदात्यय को दूर करती है
कच्ची दारव में इस से थोड़े गुण हैं भारी है लोहू=
को पित्त को जीते है वह जो बदाना होय है छो=
टी दारव तिसके गुण भी गोस्तनी के वरा वर हैं आ
र पर्व्वत में जो दारव होय है सो हलकी है कुछ ख
ट्टी है कफ को पित्त को पैदा करती है॥ आंबना
म॥ आम्र। मनोत्सवं। चूत। सदाकार। अतिसा
रभ। माकन्द। पिकवन्धु। रसाल। कामवल्लभ॥
गुण॥ कबज़ करे है कफ को पित्त को फोड़ को=
दूर करे है उस का फल वायु को हरे है बहुत गर्म है
रूखा है त्रिदोष लोहू को दूर करे है और पक्का आ
म मीठा है पुष्ट है चिकना है दिल को कुब्बत कर=
ता है और बल करे है भारी है वायु को दूर करे है
भोजन की रुचि उपजावे है रंग को अच्छा करे है
ठंढा है पित्त को नहीं करे है उस का रस चिकना=
है रोचन है बल करे है और रंग को करे है॥ जा
मननाम॥ महाजम्बू। राजजम्बू। महास्क=
न्धा। बृहत्फला। क्षुद्रजम्बू। क्षीरपत्रा। मधुभा
। काकवल्लभा। नादेई। तत्फला। जम्बु जांबु॥ गु
ण॥ काबिज़ है रूखी है कफ को पित्त को फोड़

को लोहू को दूर करे है राज जम्बू मीठा है काबिज़ है भारी है रोचन है छोटी जामन भी वैसी है दा= ह को दूर करे है ॥ नारियल नाम ॥ नालिके र । तुंग वृक्ष । महा फल । त्रिणा राज । स्वच्छ फल लांगली । दृढबीजक ॥ गुण ॥ ठंढा है मूत्राशय= को शुद्ध करे है लोहू को दाह को दूर करे उस कापा नी ठंढा है दिल को कुव्वत करे है दीपन के वीर्य को पैदा करे है हलका है उस के वृक्ष के सिर की मींगी वीर्य को पैदा करे है वायु पित्त को जीते है ॥ पिंड खजूर नाम ॥ बृहत् खर्जूरिका । श्रेणी । सुफ ला । द्वीप सम्भवा । पिंडि खर्जूरिका । खर्जू । दुः प्र= धर्षा । सकरट का । भूमि । खर्जूरिका । कोका । क= र्कंधे । क्वटी ॥ गुण ॥ ठंढी है मीठी है चिकनी है जख़्म को लोहू को जीते है कुव्वत करे है वायु को पित्त को मद को मूर्छा को मदात्यय को दूर करे है = और खजूर जो है उसमें गुण इसमें थोड़े होंय है= उसकी मींगी ठंढी है कुष्ट को पित्त को लोहू को दाह को जीते है ॥ अश्वसुस्ने मानी नाम ॥ सिले मानी । मृदुल । निर्वल्ली फला ॥ गुण ॥ हार को भ्रान्ति को दूर करे है ॥ केला नाम ॥ कदला । रम्भा । मोचा । रम्भा । वीरा । पत्रछदा ॥ गु ण ॥ भग के रोगों को पथरी को रक्त पित्त को दूर करे है ठंढा है बल को पैदा करे है वालों को= बढ़ावे है पित्त को कफ को लोहू को दूर करे है उ

सका फल मीठा है कविज़ है कफ को पैदा करै है
भारी है तर है पित्त को लोहू को प्यास को दाह
को जरवम को हृय को वायु को जीते है ॥ अ
नारनाम ॥ रक्त कुसुमा । दाड़मी । दन्त बीजा
शुकप्रिया ॥ गुण ॥ दीपन है दिल को कुव्व
त करै है रोचन है पित्त को बहुत नहीं करै है कसै
ला है खट्टा है कविज़ है मीठा है सो त्रिदोष को दू
र करता है खट्टा होय तो वायु को और बलास को पै
दा करै है और सखा अनार दाना वायु पित्त को पै
दा करै है ॥ बेर नाम ॥ बदरी फल । कर्कटा । घोंटा
गो कंदी । युग्मकण्टका । और एक बेर है उस का ना
म स्निग्धछदा ॥ गुण ॥ केश फला । सौवीरिका ।
हस्तिकोल । लक्ष्मी । कर्कन्धु । वाधुका ॥ गुण ॥ ठंढा
है तेज है रूखा है पित्त को कफ को दूर करै है और को
लेवर फल लेवे है कर्कन्धु जो छोटा बेर है उस को क
र्कन्धु कन्धुक कहे है सो पक्का और कच्चा मीठा
है बेर हलका है कविज़ है खाने में रुचि उपजावे है
गर्म है वायु कफ पित्त को जीते है और कोल भारी
है वीर्य को पैदा करै है पर है पित्त को दाह को लोहू
को हृय को प्यास को दूर करै है कर्कन्धु मीठा है चि
कना है भारी है पित्त को वायु को दूर करै है सखा है
मेदी है अग्नि को धरै है सारवर हलकी है प्यास को
लोहू को जीते है वायु को पित्त को हरै है और उ
सकी मींगी पुष्टाई करै है इति गुण ॥ खिरनीना

म ॥ क्षीरी । क्षित्रिया । राजाढ्या । राजादन । फल्गु
शिन । और उसही का भेद एक और है उसको रा
जादन कहे हैं चिबुक । सुचिलिन्दक कहे हैं ॥ गु
ण ॥ ठंढी है चिकनी है भारी है बल को पैदा करे
है प्यास मूर्छा मद भ्रान्ति क्षय त्रिदोष लोहू को
जीते है ॥ चिरौंजी नाम ॥ चिरं । धनुपट्ट । रा
ला प्रियाल । मुनि वल्लभ गु० पित्त कफ लोहू को
दूर करे है उसका फल मीठा है भारी है चिकना
है वायु को पित्त को दाह को प्यास को जखम को दूर
करे है और उसकी मींगी मीठी है पुष्ट है वीर्य को पै
दा करे है वायु को पित्त को जीते है ॥ फालसा
नाम ॥ परूषक । मृदुफल । परूष । रोषण ॥ गु
ण ॥ कसैला है खट्टा है कच्चा तो पित्त को पैदा
करे है हलका है पक्का पचने के समय मीठा है का
विज़ है कुव्वत करे है प्यास को पित्त को दाह को
लोहू को क्षय को वायु को हरे है ॥ नेंदू नाम ॥ ति
न्दुक । स्यन्दन । स्फूर्य । कालसर । रावण । काल
पीलुक । विष तिन्दुक ॥ गुण ॥ फोड़ को वायु को
दूर करता है उसका सार पित्त के रोगों को जीते है
कच्चा तो काविज़ है वायु को पैदा करे है ठंढा है हल
का है पक्का पित्त को प्रमेह को लोहू को दूर करे है
भारी है और विष तन्दुक जो है सो इसी की तुल्य
है विशेष करके काविज़ और ठंढा है ॥ कांकड़ेना
म ॥ किंकिरिण । गन्धिल । व्याघ्र पाद । देव त
रु ॥ गुण ॥ तुवर है तेज है पित्त को कफ को दूर

करे है ठंढा है उसका फल कच्चा तो वायु को पैदा क
रे है पक्का मीठा है त्रिदोष को जीते है ॥ आडूना
म ॥ आरुक । बीरसेन । इसके ४ भेद हैं आरुक ।
जारक है वायु को प्रमेह को ववा सीर को कफ को
दूर करता है ॥ महुवा नाम ॥ मधूक । मधुक । नी
चगा सार । गुड़ पुष्पक । कोला फल । मधुष्टील ॥
मधु कोष्ट । महा द्रुम । और दूसरा भेद है उस को ।
ह्रस्व फल । मधुक । दीर्घ पत्रक कहे हैं ॥ गुरण ॥ क
फ को वायु को दूर करे है कसैला है फोड़े को भला
वे है उसका फूल मीठा है बल करे है ठंढा है भारी
है पुष्ट है और फल ठंढा है भारी है मीठा है वीर्य
को पैदा करे है वायु को पित्त को जीते है दिल को
गुरण नहीं करे है प्यास को लोहू को दाह को दमे
को जखम को छई को जीते है ॥ कटहल नाम
प नस । कंटवि फला । श्वासयो । गमेकराटक ॥=
गुरण ॥ पक्का ठंढा है चिकना है पित्त वायु को दूर
करे है कच्चा भी ऐसाही है और काविज है वादी है=
भारी है ॥ बढ़हल नाम ॥ लकुच । छुद्रपनस ।=
निकुच ग्रन्थिमत्फल ॥ गुरण ॥ भारी है काविज़
है मीठा है खट्टा है लोहू को पित्त को पैदा करे है क
फ को पैदा करे है वीर्य को वायु को अग्नि को दूर क
रे है गरम है ॥ ताल नाम ॥ ताल । ध्वज । दराद
रराज । महाद्रुम ॥ गुरण ॥ ठंढा है वायु को पित्त
को फोड़े को जीते है नशा करे है वीर्य को पैदा करे है
उसका फल ठंढा है बल को करे है चिकना है मीठा
है भारी है काविज है वायु को लोहू को जखम को

दाह को नष्ट करे है और वीर्य मूत्र बहुत लावे है वायु पित्त आदि रोगों को हरता है और ठंढा है खरबूजा नाम ॥ खर्बूज। फलराज। अमृताद्य दशाङ्गुल॥ गुण ॥ मूत्र को बहुत लावे है बल करे है कोठ को शुद्ध करे है भारी है तर है पुष्ट है ठंढा है पित्त को वायु को दूर करे है मीठा है ॥ सेब नाम ॥ मुष्टिप्रमाण। बदर। सेवा सिंवतिका फलं ॥ गुण ॥ वायु पित्त को दूर करे है भारी है पुष्ट है कफ को पैदा करे है बल को पैदा करे है पचने के समय मीठा है ठंढा है॥ आवी सेव नाम॥ अम्भ फला। चापसह सिंवित का फल ॥ गुण इस में भी उसी सेव की समान गुण हैं परन्तु ठण्ढा विशेष करिके है ॥ बादाम नाम ॥ बादाम। सुफल। वातवैरी। नेत्रोपम ॥ गुण ॥ गर्म है तर है वायु को दूर करे है बल को और वीर्य को बढ़ाता है ॥ अमृत फल नाम ॥ अमृताद्य। रुचि फल। लघु विल्व। फलाकृति ॥ गुण ॥ भारी है वायु को दूर करे है मीठा है खट्टा है खानेकी रुचि उपजावे है वीर्य को पैदा करता है ॥ चिलगोजा पिस्ता नाम ॥ निकोचक। दारु फल। संकोच जन। गोचक। पिस्ता। मुकूं। लक। दन्ती फल। समाकृत ॥ गुण ॥ निकोचक भारी है तर है पुष्ट है मीठा है कुव्वत करे है लोहू को सँवारे है वायु को दूर करे है कफ को पित्त को दूर करे है पिस्ते के गुण भी यही हैं विशेष करिके भारी हैं ॥ पलानन नाम ॥ प=

लान। कच्चा वायु को दूर करे है खट्टा है रुचन है= भारी है और पक्का मीठा है ठंढा है बल करे है वायु= को पित्त को दूर करे है ॥ आलू नाम ॥ अल्लुक।= मल्ल। मल्लूक। मल्लू। रक्त फल ॥ गुण ॥ ठंढा है मीठा है खट्टा है वायु को पित्त को दूर करे है आ लू बुखारा ॥ अञ्जीर नाम ॥ अञ्जीर। मञ्जुल। काकोदुम्बरिका फल ॥ गुण ॥ ठंढा है मीठा है= भारी है पित्त को लोहू को वायु को दूर करता है ॥ अ खरोटनाम ॥ अक्षोटक। वृन्त फल। कन्दराल। पृथक छद ॥ गुण ॥ मीठा है कुव्वत करे है गरम= है वायु को हरे है इतने गुण हैं ॥ पालिवत नाम॥ पालेवत। सितपुष्प। तिन्दुकाभ फल। दूसरा माण वक नाम ॥ और महा पालिवत भी कहते हैं ॥ गु ण ॥ गरम है ठंढा है मीठा है भारी है अग्नि को वा यु को दूर करे है माणवक का गुण भी ऐसा ही है दिल को कुव्वत करे है प्यास को हरे है ॥ नूतनाम ॥ नून तृप। ब्रह्मकाष्ठ। ब्रह्मदारु ॥ गुण ॥ भारी है ठंढा है पित्त को वायु को दूर करे है ॥ गंगेरुवा नोदन नाम ॥ गंगेरुक। नोदनक। कर्कटक। क कटे। मृग लेंडिक। क्रन्दना धान्य मटर सदृश ॥ गुण ॥ गंगेरू रोचक है पका हुवा भारी है वायु को पित्त को लोहू को जीते है और नोदन कविज़ है मीठा है वायु पित्त को हरे है हलका है ॥ तुम्बर नाम ॥ भूत से आदि लेकर तीनों खट्टे हैं गरम है कच्चे पित्त को पैदा करे हैं ॥ और समुद्र में जो तुम्ब र पैदा होय है तिसके भी गुण मिला केसे हैं तुम्ब

र कड़वा है कफ को जीते है गरम है फोड़े को प्रमेह को पि
दा करे है ॥ बिजोरा नाम ॥ जेपुर । मातुलुंग । कस=
री फल । पुरक ॥ गुरा ॥ भोजन की रुचि उप जावे है
उस्का रस खट्टा है दीपन है हल का है लोहू को पित्त को
पदा करे है कण्ठ जीव को शोधे है छिल को तज है भा=
री है कृमि को वायु को दूर करे है और उस्का गूदा कुछ
न करे है ठंढा है भारी है पित्त वायु को जीते है उस्का के
सर हल का है काबिज़ है शूल गोल को उदर रोग को
दूर करता है बीज उस्का गर्म है भारी है कृमि को दूर क
रता है उस्का फूल ठंढा है काबिज है लोहू को पित्त को जी
ते है हल का है शूल को अजीरणो को बिबन्ध मन्दा=
ग्नि को कफ को वायु को अरुचि को स्वास को
खांसी को इस के रस से ए सब दूर होता =
ती है ॥ मधु काकड़ी नाम ॥ मधु कर्कटि का खा
ह । लुंगी । घण्टा लिका । घटा ॥ गुरा ॥ ठंढी है
रक्त पित्त को हरे है भारी है उसकी जड़ विष चि=
का कान की सूजन को दूर करे है ॥ नारंगी ना
म ॥ ना रंगक । नाग रंग । गोरक्ष । योग सारख
॥ गुरा ॥ खट्टी है बहुत गर्म है भोजन की रुचि
उप जावे है वायु को दूर करे है मीठी है खट्टी नारं
गी दिल को बहुत सफा करे है वायु को हरे है ॥ ४
जम्बीरी नाम ॥ जम्बीरक । दन्त शठ । ज म्भीर ।
जम्भल ॥ गुरा ॥ गर्म है शूल को जीते है भा
री है कफ को वायु को जीते है मुंह के रोगों को हृ
दय के रोगों को दूर करे है अग्नि को दीप्त करे है
कृमि को दूर करे है ॥ अमलवेतस नाम ॥ अ=

म्लवेतस । शुक्लवेतस । शुक्लभेदक ॥ गुण ॥ बहुत गर्म है भेदन है हलका है दीपन है हृद्रोग को शूल को गोले को दूर करे है पित्त लोहू कफ को दूर करता है ॥ साराम्लनाम ॥ साराम्लक । सार फल रसार पटाप ॥ गुण ॥ खट्टा है वायु को दूर करता है भारी है २ पित्त को कफ को पैदा करता है ॥ निम्बूनाम ॥ निम्बूक । निबुक राज ॥ गुण ॥ खट्टा है वायु को दूर करे है पाचन है हलका है और राज नीबू मीठा है भारी है वायु पित्त को जीते है कृमि के समूह को नाश करे है तेज है आव को उदर के फड़कने को वायु पित्त कफ शूल को दूर करता है गई धातु को फिर पैदा करे है रुचि उपजावे है तीनों दोषों को नये ज्वर को विषम ज्वर को मलक्षय को दूर करे है गुदा के वन्द होने में बहुत गुण करे है विसूचिका को इतने सब रोगों को दूर करता है ॥ कमरख नाम ॥ कर्मरंग । राम फल भव्य । पिछल वीजक ॥ गुण ॥ ठंढी है ग्राही है मीठी है खट्टी है कफ को वायु को पित्त को दूर करता है ॥ अमली नाम ॥ अम्लिका । चुक्रिका । चिंचा तिंतडी । शुक्लचिराडका ॥ गुण ॥ भारी है खट्टी है वायु को दूर करती है कफ पित्त लोहू को जीते है और पक्की भी उसी की तुल्य है रुचि को उपजावे है अग्नि को वढ़ावे है मूत्राशय को शुद्ध करे है सूखी इमली दिल को कुम्हलाती है मांदगी को भ्रान्ति को प्यास को दूर करे है हलकी है ॥ तिंतडी नाम ॥ तिन्त डीक । रक्ताम्ल । अम्ल शाक । अम्ल पादप ॥ गुण ॥ वायु को दूर करे है क

त्री गर्म्मे है वहुत भारी है पक्की हलकी है कावि ज है फोड़े को भर लावे है कफ वायु को जीते है ॥ करौं= दा नाम ॥ कर मदी । सुरेवड़ी । कृष्ण फला ॥ गु= ण ॥ भारी है गर्म है खट्टी है लोहू को पित्त को क फ को पैदा करे है पक्का हुआ मीठा है रुचि करे है हलका है पित्त वायु को जीते है सूखा करौंदा के के समान है ॥ कैथ पत्री नाम ॥ कपित्थक । दधि फल । दधित्था । सुरभि छद ॥ गुण ॥ कच्चा कैथा कावि ज है हलका है त्रिदोष को दूर करता है पक्का भारी है प्यास हृल्लास को दूर करे है वायु को पि= त्त को जीते है और मीठा है और पुष्ट है और का वि ज है ॥ कैथ मंत्री नाम ॥ कपित्थ पत्री । फणि जा । कुलिजा । तव पत्रिका ॥ गुण ॥ तेज है गर्म है कफ को प्रमेह को विष को दूर करे है ॥ आव= ड़ा नाम ॥ आम्रातक । आम्रवट । फलीपं । दु= फले । कपि ॥ गुण ॥ कच्चा को वायु को दूर करे है भारी है गर्म है रुचि उपजावे है और पक्का मी ठा है ठंढा है पुष्ट है वायु पित्त को जखम को लो हू को जीते है ॥ राजाम्र नाम ॥ राजाम्र । पृक मा । मी ताका भाइ । राज पुत्रक ॥ गुण ॥ मी ठा है ठंढा है कावि ज है कफ पित्त लोहू को दूर क रता है ॥ चतुराम्र पञ्चाम्र नाम ॥ वृक्षाम्र । दाडिम । चिञ्चा । कपित्थ । चेयतु । गम्भेकहैं । = अम्र वतस । वृक्षाम्र । दाडिम वदरे बीज पूरये पञ्चाम्र कहावे ॥ काश्मर्य नाम ॥ कश्यभक । घनस्कन्ध । जतु रत्न । सुकोशक ॥ गुण ॥ कुष्ट=

को सूजन को बवासीर को पित्त को फोड़े को कफ़
को दूर करे है उसका फल कांविज है वायु को दूर क
रे है खट्टी है भारी है पित्त मीगी पित्त वायु को ह
रे है बल को अग्नि को दीप्त करे है मीठी है ॥ सु=
पारी नाम ॥ क्रमुक। क्रमिक। पूंग। पूगी फल ॥
गुण ॥ भारी है ठंढी है रूखी है कसैली है कफ पित्त
को करे है मूछो लावे है दीपनी है रुचि करे है मुंहको
सवारे है पीली होय तो अभिष्यंदी है अग्नि को ह
ष्टि को हरे है पान तो वायु को हरे है सुपारी कफ=
को दूर करे है कत्था पित्त को हरे है चूना कफको ह
रे है ॥ तांबूल नाम ॥ ताम्बूल। वल्ली। ताम्बूली
। नागनी। नाग वल्लरी ॥ गुण ॥ रूक्ष है तेजहे
गर्म है कसैली है रोषण है काम और लोह पित्त=
को हलका है वसी करण है कफ को मुख की दुर्गा=
न्धि को हरे है बल को वायु को मांदगी को दूर कर
ता है लवली नाम ॥ घनस्निग्ध। महत्पांशु। प्र
पुन्नाट ॥ समछद। सुगन्ध मूला। लवली। पारद्
कोमल। वल्कल। ववत्म्या फल। श्याम। जो त=
म्बा फलस ॥ गुण ॥ गर्म है ववासीर वायु =
पित्त को हरे है हलकी है ॥ ॐ इति श्री मदन
पाल विरचिते निघरोट भाषायां फल वर्ग ब
रीनंषष्ठतमः ॥६॥
पात। फल। फूल। नाल। कन्द। सस्य। यह छः
तरह की तरकारी हैं पहली से सिवाय दूसरी भा
जी हैं और सबसों सरसों के साग से औ गुण व=

हुत हैं ॥ पेठा नाम ॥ कूष्मांडकी । पुष्प फला । गोमका । महा फला । कर्कारु । अपरा । लब्धा । अरु । राजकर्कटी ॥ गुण ॥ पुष्ट है ठंढा है भारी है पित्त कफ लोहू को जीते है कच्चा पेठा पित्त को हरता है ठंढा है अर्ध पका कफ करे है पक्का कम ठंढा है मीठा है खारी है दीपन है हलका है मूत्राशय को शोधे है वीर्य के रोग को त्रिदोष को हरे है तीनों दोषों को हरे है नीला पेठा मीठा है ठंढा है वायु की पथरी को दूर करता है उसका गूदा पित्त को हरे है पुष्ट है मीठा है मूत्राशय को शोधे है ॥ लघुपेठा नाम ॥ कर्कारु ॥ गुण ॥ रक्तपित्त को हरे है पक्का और पित्त अग्नि को हरे है कफ वायु को दूर करता है ॥ तरबूज नाम ॥ कलिंग । कृष्णबीज । कलिन्द । फल वर्तुल ॥ गुण ॥ काबिज है कफ को वीर्य को हरे है भारी है पक्का है गर्म है पित्तल है और कफ वायु की बीमारियों को खोवे है ॥ मीठी तूंबी के नाम ॥ तुम्बी मिष्टा । महा तुम्बी । राजला । वुरला । वुसी ॥ गुण ॥ पुष्टाई करता है कफ पित्त को हरे है भारी है ॥ कटु तुम्बी नाम ॥ कटु तुम्बी । पिराड फला । राज पुत्री । दुग्धिनी ॥ गुण ॥ ठंढी है पित्त को खांसी को विष को इनको हरे है ॥ ककड़ी नाम ॥ कर्कटी । लोमसी । व्याल पत्री । वृहत्फला ॥ गुण ॥ ठंढी है रूखी है काबिज है मीठी है भारी है

है रूच्य है पित्त को हरे पक्की गर्म है और मन्दाग्नि
को हरे प्रचण्डाग्निकरे ॥ खीरानाम ॥ त्रपुस। कं
ठ कलना। सुधा वास। परंकटा छर्दायनी। मूत्र फ
ला। तिक्ता हस्तिनी ॥ गुण ॥ हरा कच्चा पित्त
को हरे पीला कफ छर्द को करे मूत्र बहुत करे हलका
है रुक्ष है पित्त पथरी सोजाक को दूर करे है पक्का
गर्म है खट्टा है पित्तल है कफ वायु को जीत है ॥
चिपट नाम ॥ चिपटं। धेनु दुग्ध। गोरक्ष। ककेटी
॥ गुण ॥ मीठी है रुक्ष है भारी है पित्त कफ को
दूर करे है ठंढी है कविज़ है पक्की गर्म है पित्तल है॥
बालुकनाम ॥ बालुक। कारण्डक ॥ गुण ॥ ठंढी
है मीठी है भारी है रक्त पित्त को हरे है भेदी है हल
की है गर्म्म है पक्की अग्नि को करे है ॥ सवना
म ॥ शीर्ण वृन्त। चित्र फल। विचित्र। पीत पर्णक
॥ गुण ॥ हलका है मीठा है भेदी है गर्म है ॥ अ
नुरईनाम ॥ काश्मातकी। कृता दुद्दा। जालनी।
कृत बंधन। मृदंग फालिनी ॥ काडान घायली ॥
कर्कशादा ॥ गुण ॥ हल की निज है रुक्ष है अ
माशय को सोधे है सूजन को पांडु रोग को उदर
रोग को तिल्ली को कुष्ट बवासीर को कफ पित्त
को जीते है उस्का फल भेदी ठंढा है हलका है प्र
मेह त्रिदोष को हरे है ॥ घीया तोरी नाम ॥ रा
जा। कोश्मातकी। मिष्टा। महा जाली। सपीतक
॥ गुण ॥ ठंढी है तप को दूर करे है कफ वायु की
बीमारी को खोवे है ॥ बड़ी तोरी नाम ॥ महा

कोशातकी । हस्ति घोषा । महत्फला ॥ गुरा ॥ चिकनी है सर है पित्त बायु को हरे है ॥ वैंगनः नाम ॥ वृन्ताकी । वार्त्तिकी । वृन्ता । भाटाकी । भंटिका ॥ गुरा ॥ मीठा है तज है गर्म है पचने के समय कड़ुवा है पित्त को हरे है कफ वायु को हरे है हृद्य है दीपन है बीर्य को पटा करे है हलका है ः ताप को खांसी को अरुचि को पक्का पित्त को करे है भारी है ॥ स्वत वैंगन नाम ॥ स्वत वार्त्ताक । कु कुटोंड । फलोपम ॥ गुरा ॥ पहले से थोड़ गुण है और विशेष करिके बवासीर वाले को हित है ॥ कन्दूरी नाम ॥ बिम्बीर । रक्त फला । गोला तुंडी दन्तछ दोपम ॥ गुरा ॥ छूटे लावे है रक्तपित्त कमल बायु को दूर करे है उस्का फल ठंढा है मीठा है भारी है पित्त लोहू दाह को हरे है स्तंभन है लखन है वायु को और अफरे को करे है ॥ करेला नाम ॥ कारवेल्ल । कठिल्ल दुग्ध कांड ः सुकांडक । कार वल्ली । बारि वल्ली । बृहदल्या ॥ ॥ गुरा ॥ ठंढा है भेदी है हलका है तज है वायु ः को नहीं करे है पित्त लोहू खांसी को दूर करता है और पाराड़ु रोग को कफ को प्रमेह को कृमि को इतने रोगों को जीते है ॥ ककोडी नाम ॥ ककोटिकी । पीत पुष्पा । हा जालनी ॥ गुरा ॥ वैसाही है कुष्ट रोग को अरुचि को हरे है ॥ बाझ ककोड़ी नाम ॥ वन्ध्या ककोटकी । देवी । नागरी विष कराटका ॥ गुरा ॥ तज है बि

ष को विसर्प को खोसी को जीते है डोड़ी नाम ॥ डोड़िका । विष मुष्टि । स्यङ्गिष मुष्टी । सुमुष्टिका ॥ गुरा ॥ कफ पित्त को बवासीर को कृमि को विष को गोला को हरे है ॥ डीडम नाम ॥ डीडम । रोमस । रोमस फली । निन्दिस । मुनि निर्मित ॥ गुरा वा तल है खुश्क है मूत्र बहुत लावे है पथरी को पेड़ है ॥ सवारा सवी नाम ॥ कोल सिवी । कृष्णा फला खटा तसूकूर । पाटिका ॥ गुरा ॥ वायु को हरे है । भारी है गर्म है कफ पित्त को जीते है सिंवनाम । शिंवि । कुशिकृत सास्त्र । शिवी पुस्तक । शिम्बिका ॥ गुरा ॥ ठंढी है हल्की है बल करे है कफ को वायु को पित्त को हरे है ॥ वथुवा नाम ॥ वास्तुक । छत्र पत्र । शाकबीज । प्रसादक ॥ गुरा ॥ पाचन है रुच्य है हल्का है वीर्य को बल को बढ़ावे है तिल्ली को लोहू को पित्त को बवासीर को कृमि को त्रिदोष को हरे ॥ जीवंती नाम ॥ जीवन्तिका । शाकराज । रक्त नाल । प्रनालक ॥ गुरा ॥ बल को करे है हार है पचने के समय मीठी है त्रिदोष को हरे साग आंखों को बुरे हैं और दर्द को बुरे हैं एक पोलना वथुवा ककमा चीपनजवाछद और जीवन्ती लाल वथुवा को कहे है ॥ चिल्ली नाम ॥ चिल्ली । बृहद्बला । रक्ता । चिल्लिका । गोड वास्तुक ॥ गुरा ॥ हल्की है ठंढी है रुच्य है मेध्या है अग्नि दीपनी है बल करे है खुश्क है तिल्ली को त्रिदोष को लोहू को जीते है ॥ कांटा साग नाम ॥ का

ना शाक। कालिका। चञ्चुका। चम्पुकोपम ॥ गु
ण ॥ सर है रूच्य है वादी है सूजन को हरे है ॥
चौराईनाम ॥ तन्दुलीय। मघ नाद। कांडे। तं
न्दुलेरक। विषघ्न। कन्धर। मारिष ॥ गुण ॥ ह
लकी है ठंढी है खुश्क है पित्त को कफ को लो हू
को जीते है मल मूत्र को पैदा करे है रूच्य है दीपन है
रक्त पित्त को हरे है ॥ पोग नाम ॥ पोग। मरु
भव। शटकी। सूक्ष्म पुष्प। प्रसादन ॥ गुण ॥ का
बिज है ठंढी है रक्त पित्त को और कफ को दूर करता
है ॥ पटोल नाम ॥ पटोला। पांडुकनाली। कलक
कर्कश छद। राजी फल। पांडु फल। राजा मान।
अमृता फल। तिलोतमा। बीज गर्भी। पारा राज।
पटोलिका ॥ गुण ॥ पाचन है रूच्य है हलकी है
अग्नि दीपन है तर है गर्म है खांसी को बवासीर
को त्रिदोष को ज्वर को कृमि को हरे है उसके बात
पित्त को हरे है ठंढा है और वेल कफ को हरे है जड़
रेचन है फल त्रिदोष को जीते है ॥ चिचिड़ा नाम
॥ बचुलाई। बप्रमकूल। श्वेतराजी। बृहत्फला
॥ गुण ॥ पटोल के से गुण है और विशेष कर
के दुबले को नफा करे है कामविज है मद को दमे
को रक्त पित्त को बिष को जीते है ॥ पालक ना
म ॥ पालक्य। बास्तुका कार। छत्रिका। विरला
क्ष ॥ गुण ॥ ठंढी है कफ को करे है और भारी
है ॥ पोई नाम ॥ पोतकी। पोटिका। मत्स्य का
ला। तुंगिका ॥ गुण ॥ ठंढी है तर है कफ को क

रे है वायु पित्त को जीते है चेपदार है बीर्य को पैदा
करता है रक्त पित्त को हरे है ॥ लोनियानाम ॥
लोणिका । बृहत् । घोटा कुटीर । गुणडरू गुणडर
क । फंजी । फंजीरक ॥ गुरा ॥ खुश्क है भारी है
ठंढी है सर है काबिज है कड़वी है दोषल है पचने
के समय मीठी है ॥ फंजी नाम गुरा ॥ फंजी
गर्म्म है बातल है दमा खांसी कफ को हरे है ॥
सरा सरी नाम ॥ सनि खभा । स्वस्तिक । बदर
। तिल पर्णिक ॥ गुरा ॥ ठंढी काविज मूछा त्रिदो
ष को जीते है ॥ रूंदिया नाम ॥ सूक्ष्म पत्र । तीक्ष्ण
कः । पृष्ठ पुष्प । सुबोधक ॥ गुरा ॥ कफ को
वायु को हरे है तीक्ष्ण है पित्त को हरे है उसका
फल बादी है रक्त पित्त को दमें को कफ को हरे है त्रि
रंठक है खुश्क है बादी है काबिज़ है कफ को
दूर करता है इतने गुरा हैं ॥ नसिया नाम ॥
धना गमो ऽम्बल्ली । वास्तिज ॥ गुरा ॥ तीनों दोषों
को हरे है उसका फूल मीठा है सर है उसका फल वा
दी है ॥ सफड़ नाड़ी नाम ॥ सिती वार । कुरुटी ।
नाड़ी । नालिका ॥ गुरा ॥ पुष्ट है सूजे को हरे है
वायु पित्त को करे है नाड़ी हलकी है ठंढी है पित्त को
हरे है कफ वायु को हरे है ॥ सरसों कड़ सागना
म ॥ सार्षिप । सर्ष । पाङ्क्त । कासुंभज ॥ गुरा ॥
सरसों का साग विष्टा को मूत्र को बन्ध करे है भारी
है गर्म है वायु को करे है कड़ुका साग मीठा है खु

रूक्ष है कफकोहरेहै पित्त को करे है हलका है इतने गु
ण दोनों सागों में हैं ॥ च णों का साग नाम ॥
चाणाक प्राका ॥ गुण ॥ कफ को वायु को जीते है
॥ मटर का साग नाम ॥ केहुल । कलायशाक ॥ गु
ण ॥ भेदी है हलका है पित्त को कफ को दूर करे है ॥
चौंगेरी नाम ॥ चौंगेरी । अम्लिका । चुक्रा चुक्रा म्ली
का । चतुष्पदा ॥ गुण ॥ दीपन है हलकी है कफको
वायु को जीते है पित्तन है संग्रहणी को बवासीर को
कुष्ट को अती सार को जीतती है ॥ कसोदी गाजर
साग नाम ॥ काश्मर्द । कर्कश । गंजन । गाजर ॥ गु
ण ॥ हलका है गले को अच्छा है खांसी को विष को
लोहू को हरे है गाजर का साग कड़वा है तेज है ग
र्म है दीपन है हलका है काविज़ है रक्तपित्त को व
वासीर संग्रहणी कफ वायु को जीते है ॥ मूलीना
म ॥ मूलक । हस्तिदंतक । बालमूल । कपोतिका ॥
गुण ॥ रुच्य है गर्म्म है पाचन है हलका है तीनों
दोषों को हरे है स्वास को गले को नेत्र रोग को पीन
स को हरे है बड़ी भी ऐसे ही है भारी है गरम है ती
नों दोष को पैदा करे है रुन्धी हुई चिकनी है तीनों
दोषों को हरे है सरवी मूली विष को सूजन को हरे
है हलकी है त्रिदोष को हरे है उसका फूल कफ
पित्त को हरे फल कफ वायु को जीते है ॥ करीर
नाम ॥ करीरक । गूढ़पत्र । क्रकच । गन्थिल ॥ गु
ण ॥ कड़वा है भेदी है तेज है गरम है कफ को वा
यु को जीते फोड़े को सूजन को विष को ववासीर

को हरे है उसके फूल कफ पित्त को हरे हैं फल का
बिज है कसैला है गरम है मीठा है कफ पित्त को दूर
करता है ॥ सोंहजना नाम ॥ शिग्रु सोभाञ्जन
। कृष्ण गन्ध। वहुल छद। लालमधु। शिग्रु कहावे
है और सुपद हरित छद कहावे है उसके बीज सफ़
द हैं सो तेज गरम हैं नेत्रों को हित है काविज़ है अ
ग्नि को वढ़ावे है कफ वायु को जीते है गरम है वुद्धि
को तिल्ली को फोड़ को दूर करे है लोहू को पित्त को
मीठा है सहजने के गुण भी वैसे ही हैं विशेष करके
दीपन है उसका फूल भारी है काविज है वादी है कफ
को पित्त को जीते है और फूल कसैला है गरम है
काविज है मधुर है कफ को पित्त को दूर करे है इत
ने गुण सोंहजने में हैं ॥ लहसन नाम ॥ लशु
न। उग्र गन्धा। जवनेष्ट। रसोनक। गञ्जन। महा
कुन्द। जञ्जरी। दीर्घ पत्रक ॥ गुण ॥ पुष्ट है तर है
गरम है पाचन है टूटे को जोड़े है भेदी है भारी है पि
त्त लोहू वुद्धि को पैदा करे है रसायन है कफ को द
मे को खांसी को गोले को ज्वर को अरुचि सूजन को
प्रमेह को ववासीर को कुष्ट को शूल को वायु को कृ
मि को दूर करे है और पात उसके मीठ खारी है नालमी
ठे चपटार हैं इतने गुण लहसन में हैं ॥ पियाजना
म ॥ पलाण्डु। धवलाख्य। दुर्गन्धा। सुखदूषक। और
र दूसरी प्याज लताक दुदुम ॥ गुण ॥ लहसन के
गुण हैं कफ को करे है पित्त को वहुत नहीं वढ़ावे है व
इत गरम है पचने मीठा है ॥ गाजरनाम ॥ गञ्जन। पि

तल है कविज है तेज है गर्म है रोग को हरे है ॥ जि
मीकन्दनाम ॥ सूरण । कन्दल कन्द । गुदा मयह
र । वज्रकन्द सुरेन्द्र । चित्र कन्दक ॥ गुण ॥ दीपन
न है रुक्ष बवासीर को हरे है हलका है और दूसरा
वज्रकन्द कफ को हरे पित्त को लोहू को हरे ॥ अ
स्थिसिंही नाम ॥ अस्थि शृंखलिका । वज्रगंधि
। मानाऽस्थि संहिति ॥ गुण ॥ पुष्ट है कफ करे है
मीठी है ठंढी है दूध को जोड़े है बल करे है पित्त को
लोहू को वायु को इतने रोगों को फायदा देती है ॥ वा
राही कन्दनाम ॥ वाराही । मागधी । उग्रदंष्ट्रि । तल
न्द । सौकर । किटि ॥ गुण ॥ पित्त है रक्त अच्छा
है मीठा है तेज है रसायन है आयु बल वीर्य को अ
ग्नि को बढ़ावे मूर्छा को कफ को कुष्ठ को वायु को दूर
करता है ॥ मूसल्ली नाम ॥ मूसली । तालपत्री । वा
लिनी । तालमूलिका ॥ गुण ॥ पुष्ट है गर्म है बवा
सीर को वायु को दूर करती है उसका कन्द वीर्य को व
ढ़ावे है बल करे है पित्त वायु को जीते है ॥ कदुकना
म ॥ कबुक । पीलिनी । पिचुकन्द । सन्नापिनी ॥ गु
ण ॥ वातल है कविज है दीपन है कफ वायु को
हरता है ॥ भूछत्र नाम ॥ भूछत्र । पृथ्वी कन्द । सी
तीधे । वलक ॥ गुण ॥ ठंढा है बल करे है भारी
है भेदी है त्रिदोष को हरता है ॥ स्थूलकन्दमा
न कन्दनाम ॥ स्थूलि कन्द । मानकन्द । माण
क । महछद ॥ गुण ॥ भारी है कफ वायु को करे

है पित्त को सूजन को जीते है मान कन्द ठंढा है मीठा है पित्त को लोहू को हरे है भारी है ॥ **कसेरू सिंघाड़ानाम** ॥ कसेरुक। स्वल्पकन्द। भद्राज। कसेरुक। सिंघोड़े शृङ्गाट। जलकन्द। त्रिकोण। त्रिकुट। दात्रिक ॥ **गुण** ॥ कसेरू ठंढा है मीठा है पित्त को लोहू को दाह को जीते है कफ़िज़ है वीर्य को वायु को कफ को पैदा करे है ॥ **पिण्डालू माध्वालू शंखवालू काष्ठालू हस्तालूनाम** ॥ पिण्डालुक। वृष्य गन्धा। मध्वालु। गोमसंख संकाशी। कोष्ठालु। स्वल्पकाष्ठक। हस्तालुक। महत्काष्ठ। रक्तालू। आलू। रक्तकन्दक ॥ **गुण** ॥ आलू सब ठंढे हैं कफ़िज़ हैं मीठे है सर हैं मूत्र को मल को उपजावे हैं खुश्क हैं रक्तपित्त को दूर करे है कफ वायु को करे है बल को पुष्ट हैं स्तनमें दूध को बढ़ावे है पिंडालू अभिष्यंदी है तज है गरम है दोषों को पैदा करे है भारी है मध्वालू पित्त को करता है **किलूटनाम** ॥ केलूट। स्वल्पविटप। किटुक। स्वादकन्दक ॥ **गुण** ॥ ठंढा है कफ़िज़ है पित्त को हरे है कफ वायु को जीते है ॥ **इनसबके गुण** ॥ बहुत पुराने और सूखे बुरी धरती के उपजे नमें बहुत ठंढे साँप आदिक के दूषे हुये साग खाने मना हैं छूट मूलीक ॥

इति श्री मदन पाल विरचित निघण्टु भाषा यां शा

क वर्गः सप्तमः ॥७॥ **पानी नाम** ॥ पानीय ।
जीवन । नीर । कीलाल । अमृत । जल । आप । तोय
। अम्भ उदक । पाथ । अम्बु । सलिल । पय ॥ **गुण** ॥
ठंढा है हृद्य है पित्त को विष को भ्रम को दूर करे है दा
ह को अजीरणी को मांदगी को छर्दि को नशा को मूर्छा
को मदात्यय को जीते और इतनी जगह पानी भली
नहीं है खासीमें प्रमेहमें अरुचिमें दमेंमें पाण्डु
रोगमें वायुके रोगमें पसलीके दर्दमें घी तेल पिये पी
छे गलेके रोगमें नये ज्वरमें संग्रहणीमें जुकाममें
अफरेमें हचकीमें गोलेके रोगमें वृद्धमें इतने रो
गोंके ऊपर पानी अगुन करे है ॥ **अब जुदे २॥**
पानीके गुण कहे हैं ॥ दिव्य तुखार की धारसो
चार विधिवत है फिर जिसके दो प्रकार है एक तो अ
धर गंगा है और एक अकाशका तिन दोनों मेंग
ङ्गा धार का श्रेष्ट है आश्विनके महीनेमें जो वर्षे है
सो समुद्र का जल भी गङ्गा हीकी तुल्य है सो आ
सोजके जलको लेके सुवर्णी वा मिट्टीके भांडेमें धर
और चावल रन्धे हुए उसमें डाल रक्खे जो वैसे
हीं रहे और गलें नहीं तो जानियें गङ्गा का जल है
सो वह पानी सोर रोगों को हरता है और समुद्र
का पानी खारी लोन मिला हुआ वीर्य को हीष्ट
को नाशक है और दिव्य नदी से जो पानी नि
कसा होय सो जीवन है हलका है रसायन है
प्यास मूर्छा तन्द्रा दाह को कृमि को दूर करता है
चन्द्रमा से जो निकसे जलसो रसायन है बल

दाई है दम तन्द्रा त्रिदोष को हरे है दर्म को हरे है ह
र्ष उप जावे है श्रम को हरे बुद्धि को बढ़ावे है ॥ दि
व्यजल गुण ॥ वैसा ही भूमि पे पड़ा हुआ जल
है कूप का जल कफ को हरे है खारी है पित्त ने हरे
पन है हलका है नदी का जल दीपन है हलका है।
रूखा है वादी है लेखने है सरका जल मीठा बल्द
ई है प्यास को हरे है कैसला है हलका है तालाब
का जल वादी है मीठा है कैसला है पचने में कड़वा
है वायु को कफ को हरे है झरने का जल लेखन है
हृद्य को हरे है दीपन है हलका है उदभि जल हल
का है पित्त को हरने वाला है अविदाही है बहुत दी
पन है चात्रा जल अग्नि को बढ़ावे है रूखा है
मीठा है कफ़ करने वाला नहीं है पचने में भारी
है दोष पैदा करे है श्वास का वादी है ठंढा है खुश्क
है पित्त को कफ को करे है धरती पे जो धार पड़े
सो पानी दिव्य कहावे है सो सब दोषों को दूर कर
ता है गंठ का जल ठंढा है खुश्क है कफ़ को वायु
को हरता है बरफ का जल बहुत भारी है पित्त को
हरने वाला है वायु को बढ़ावे चन्द्रकान्त जल है
खुश्क है हलका है पित्त को विष को लोहू को
दूर करे है और जिस जल पे दिन को तो धूप रहे
रात को चांदनी रहे उस को हंसोदक कहे हैं सो
चिकना है त्रिदोष को हरे अभिष्यन्दी नहीं है
आकाश के जल की तुल्य बल करे है बुद्धि को बढ़ा

वे है गंदा है हलका है अन्नत की तुल्य है वर्फ का जो
पानी है सो उद्भिज भी श्रेष्ठ है शरद ऋतु में स्वच्छ
पानी लेना सब को भला है हेम ऋतु में सरका ताला
बका पानी गुण करे है वसन्त ऋतु में और ग्रीष्म में
कुए का बावड़ी का झरने का जल पीना गुण करे है
वर्षा ऋतु में चुआ हुआ पानी गुण करे है जिस
नदी का पानी मन्द वहे है सो भारी है गङ्गा जमुना स
रयू का जल वहुत गुण करे है पित्त को हरे है वायु को
कफ को हरे है मलया चल से जो नदियां निकसी
हैं उनका जल हलका है जल्दी वहे है कृतमाला
ताम्र परणी आदि लेके इन का पानी निर्म्मल है उ
ज्ज्वल पानी से पीलया अपची रोग पैदा होय हैं सूजन
पांव शिर गले के रोगों गांठ कृमि ये रोग होय हैं पर्व
त से जो निकसी नदियां तिनमें वेनी और गोदाव
री मुख्य हैं सो वे कुष्ट को वायु को कफ को हरे हैं वि
न्ध्याचल से जो निकसी हैं रेवा कृ आदि देके पांडु
रोग कुष्ट पैदा करे है पारि जात से जो निकसी हैं
सो दो २ तरह की हैं चर्म न्वती आदि तालाव से जो
निकसी हैं सो पथ्य हैं त्रिदोष को जीते है बल करे है
सादरी से जो निकसी हैं सो कुष्ट गलि के रोग को
कफ को पैदा करे है और मरुजी नदियां बल करे
हैं हलकी हैं अग्नि को बढ़ावे हैं पश्चिम से जो न
दियां आई हैं गोमती नर्वदा आदि हैं पथ्य हैं वाय
को लोहू को पित्त को हरे है बल दे है खुजली को क

फ को हरे है दक्षिण दिशा के समुद्र को जो गई है सो
वल करे है पित्त को हरे है कफ वायु को पैदा करे है
पूर्व वाहनी नदियां मन्द चलने वाली हैं बल पो
ष बढ़ावे हैं धरती के पानी प्रात समय लेन भले है
पानी तो निर्मल और ठंढा है सो गुण दाई है भोज
नसे पहले पानी पीवना दुबला करे है अग्नि मन्द
करे है और बीचमें पीवने से अग्नि दीपन करे है॥
अन्त में पीवने से मोटा करे है कफ को है सारे प्रा
नियों का जीवना पानी ही में है तीन पानी कहीं
मैंने नहीं है कहीं गरम कहीं ठंढा कहीं औटाया
कहीं औषधे के साथ कहीं मैंने नहीं है कच्चे अजी
र्ण में औटाया पानी पक्के अजीरण में नितरा पा
नी देना योग्य है अनूप पानी दोषों को पैदा करे है
अभिष्यन्दी है बुरा है और जांगल पानी सोर॥
दोषों को हरे है अग्नि को दीपन करे साधारण
ठंढा मीठा प्यास का हरने वाला खुशी देने वाला ह
लका है वर्षा का लिया हुआ पानी पीवे तो बाह
र भीतर के रोग पैदा होय और जिस पानी में तिन
के कूड़ा मिला हो बुरी दुगन्धे बस्तें मिली हों और
सूर्य चांद की किरणें उसपे न पड़ी हों सो सब दो॥
षों को कुपित करे है वह पानी पीजिये नहीं बिगड़
पानी को आग पर औटावे तो निर्दोष हो जाये है
कपूर पुन्नाग पाटल इनसे वसाये से निर्दोष हो॥
जाये है और जो पानी औटाया होय वा झाग उस

नहीं होय और निर्मल होय सो सबदोषों को दूर क
रे है दीपन है पाचन है हलका है गर्म्म है अग्नि को
पैदा करे है मूत्राशय को सोधे है पसली के दर्द को जु
खाम को अफरे को हुचकी को अग्नि कफ को हरे है
जो चौथाई जला होय तो वायु को हरे है अधजला
होय तो पित्त को जीते है और तीन हिस्से जलगया
होय तो कफ को हरे है कबज़ करे है हलका है अग्नि
को बढ़ावे है वायु को दूर करे है अजीर्ण को तुरन्त
पचावे है चौथाई रहा हुआ पानी ग्रीष्म और शरद
ऋतु में रात्रि को पीवना भला है हेमन्त और वर्षा
और शिशिर ऋतु में आधा रहा पीवना योग्य है
ठंढा पानी सदा पत्थ्य है हलका है त्रिदोष को दूर क
रे है दिन का औटाया रात को भारी है कच्चा पानी=
एक प्रहर में तिस से आधी देर में औटाया ठंढा कि=
या हुआ होय है एक मुहूर्त्त में गरम जल होय है
अरोचक में जुखाम में प्रसेक में सूजन में तृषी में=
मन्दाग्नि को उदर रोग में कुष्ठ में नेत्र रोग में फो
ड़े में मीठे प्रमेह को पानी थोड़ा पीजिये नारियल
का पानी चिकना मीठा है ठंढा है हृद्य है दीपन है
वस्ति साधन है पुष्ट है पित्त को प्यास को दूर कर
नेवाला है भारी है और ऐसाही पुराना पानी है
क्लिन्न है हलका है और पित्तल है ॥ इति पानी=
य वर्गः ॥ अथ दूधनाम ॥ दुग्ध । प्रस्तवण । सो
म्य । क्षीर । संजीवन ॥ पयः ॥ गुण ॥ वस्य करे है ठंढा है

